एमपीएल को मिला पर्यावरण प्रबंधन पर द्वितीय पुरस्कार

धनबाद(प्रतिनिधि)। टाटा पावर का मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) टाटा पावर और दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) के बीच एक 74:26 हिस्सेदारी वाला संयुक्त उपक्रम है। एमपीएल को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) की उत्पादन उद्योग श्रेणी में पर्यावरण प्रबंधन के लिये द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। रांची में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पर्यावरण मेला के दौरान रघुबर दास ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। एमपीएल ने पर्यावरण प्रबंधन को हमेशा सबसे अधिक प्राथमिकता दी है, जो स्थायी विकास के कंपनी के लक्ष्य के अनुरूप है। कंपनी ने कई नवीन पहलें की हैं, जैसे ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज, बायोडायवर्सिटी मैपिंग, स्टोर्स लाइटिंग के लिये प्रकाश के प्राकृतिक स्रोत, कम्बाइंड हीट एंड पॉवर (सीएचपी) में वाइंड बैरियर्स के निर्माण से धूल में कमी और ऐश पॉन्ड, आदि। कंपनी के इन क्रांतिकारी प्रयासों को हितधारकों ने खूब सराहा है।